

# ACDI/VOCA और सम्बंधित शोषण विरोधी नीति

संशोधित तिथि: मई 2019
प्रभावी तिथि: जून 2019
नीति 102

ACDI VOCA
Expanding Opportunities Worldwide

T: tanager
an ACDI/VOCA affiliate

AV VENTURES
Cultivating Inclusive Growth

# विषय-सूची

1. प्रयोजन ......... 2
2. नीति विवरण ......... 2
3. नीति का दायरा ......... 2
4. भूमिकाएं और जिम्मेदारियां ......... 2
5. परिभाषाएं ......... 3
6. नीति प्रक्रियाएं ......... 3
    6.1 नीति लागू करना ......... 4
7. अपवाद ......... 5
8. संदर्भ ......... 5

## 1. प्रयोजन

यह नीति हमारी परियोजनाओं में धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ACDI/VOCA की प्रतिबद्धता का वर्णन करती है। ACDI/VOCA हमारे कर्मचारियों और हमारे सभी सहयोगियों, दानदाताओं, विक्रेताओं, प्रतिभागियों और लाभार्थियों को इन रोकथामों के बारे में जागरूक करने के लिए समर्पित है, ताकि हम धोखाधड़ी, रिश्वत और भ्रष्टाचार को रोक सकें और संभावित समस्याओं की पहचान कर उनपर चर्चा कर सकें।

## 2. नीति विवरण

ACDI/VOCA का कॉर्पोरेट मिशन आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समावेश में वृद्धि कर लोगों और समुदायों के लिए बेहतर जीवन प्राप्त करना है। उस मिशन के एक अभिन्न अंग के रूप में, ACDI/VOCA हमारे काम का संचालन उच्चतम नैतिक मानकों के अनुसार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने मिशन के एक अभिन्न अंग के रूप में रिश्वत और भ्रष्टाचार के सभी रूपों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए काम करते हैं। हम अपने श्रमिकों को भ्रष्टाचार के शुरुआती चेतावनी संकेतों की पहचान करने और इसे रोकने के लिए शिक्षित करते हैं। यह भ्रष्टाचार विरोधी नीति स्थानीय भ्रष्टाचार कानूनों की अनुपस्थिति में भी भ्रष्टाचार के सभी रूपों पर रोक लगाती है। यह हमारे व्यवसाय से जुड़ी किसी भी गतिविधि के अनुचित प्रदर्शन को प्रेरित या पुरस्कृत करने के लिए निर्णयों को प्रभावित करने के लिए सभी भ्रष्ट या अनुचित तरीकों को प्रतिबंधित करती है।

यह नीति विशेष रूप से अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम ("FCPA"), यू.के. रिश्वत विरोधी अधिनियम 2010 ("UKBA"), और गलत दावा अधिनियम ("FCA") को संबोधित करती है। इस नीति के अनुसार हमारे कर्मचारियों को हित-द्वन्द नीतियों और जहां हम काम करते हैं वहां के विदेशी अधिकार-क्षेत्र के स्थानीय भ्रष्टाचार विरोधी कानून का भी पालन करना पड़ता है।

इस नीति या किसी भी भ्रष्टाचार-विरोधी मुद्दों या स्थानीय भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों के बारे में किसी भी प्रश्न को मुख्य रूप से मुख्य कानूनी अधिकारी (202) 469-6181 को निर्देशित किया जाना चाहिए।

## 3. नीति का दायरा

यह नीति सीधे रूप से निम्न सभी पर लागू होती है:

- निदेशक मंडल सहित ACDI/VOCA कर्मचारी, स्वयंसेवक;
- ACDI/VOCA सहायक और उनके कर्मचारी, और
- उप प्राप्तकर्ता, आपूर्तिकर्ता, स्वतंत्र ठेकेदार और उनके कर्मी।

किसी भी निषिद्ध आचरण के बारे में शिकायत किसी भी कर्मचारी सदस्य, सलाहकार, ठेकेदार, कार्यान्वयन साझेदार, दाता कर्मियों, और किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा की सकती है जो काम से संबंधित स्थिति में एक कवर किए गए व्यक्ति की ओर से निषिद्ध आचरण का शिकार हुआ हो।

इस नीति से आच्छादित प्रत्येक व्यक्ति को भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में पूरी तरह से सहयोग करना आवश्यक है।

## 4. भूमिकाएं और जिम्मेदारियां

मुख्य कानूनी अधिकारी (CLO) की जिम्मेदारी इस नीति को बनाए रखने की है और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि नीति का पालन आवश्यक रूप से किया जाए इसके लिए प्रक्रियाओं का विकास हो। इस नीति को उपयुक्त रूप से बदलने

और संशोधित करने का अधिकार ACDI/VOCA के पास है। इस नीति में सामग्री परिवर्तन की समीक्षा कार्यकारी प्रबंधन टीम/आचार समिति द्वारा की जाती है और उसके बाद इसकी अध्यक्ष द्वारा समीक्षा की जाती है और अनुमोदित किया जाता है।

पार्टी और डिवीजन प्रमुखों के अधिकारी जिन परियोजनाओं का संचालन करते हैं वहां वे इन नीतियों को लागू करने और अमल में लाने के लिए जिम्मेदार हैं।

पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए कि उन्हें रिपोर्ट करने वाले कर्मचारी इस नीति को जानते हैं और उनका पालन करते हैं।

# 5. परिभाषाएं

**"भ्रष्ट आचरण"** का अर्थ किसी भी ग्राहक, व्यापार भागीदार, दाता, सरकारी अधिकारी, या तीसरे पक्ष को कुछ भी मूल्यवान देना या उनसे स्वीकार करना है, ताकि ACDI/VOCA के लिए अनुचित परिणाम या निर्णय को सुरक्षित किया जा सके।

**"कोई भी मूल्यवान चीज"** का अर्थ है कि कोई भी वस्तु जो प्राप्तकर्ता के लिए मूल्य रखता है। इस शब्द को मोटे तौर पर नकदी, भोजन, विलासिता की वस्तुएं, यात्रा, रोजगार के अवसरों, सूचना या व्यक्तियों तक पहुंच, यात्रा, उदारता या पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने के ढिलाई या सहायता, या प्राप्तकर्ता या प्रस्तावक द्वारा कथित मूल्य का कोई अन्य रूप, में समझा जाना चाहिए।

**"अनुचित"** का अर्थ किसी भी कार्रवाई या निर्णय से है जो व्यवसाय से संबंधित मामले के परिणाम को प्रभावित करने के लिए संपूर्ण या आंशिक रूप से अनैतिक, पूर्वाग्रही, अवैध या अप्रासंगिक कारकों पर आधारित है।

**"सरकारी अधिकारी"** का अर्थ किसी भी राष्ट्रीय, राज्य या स्थानीय सरकार, विभाग या एजेंसी, कोई भी राजनीतिक दल या आधिकारिक से कोई भी अधिकारी या कर्मचारी हो सकता है; कोई भी राजनीतिक उम्मीदवार; सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय संगठन (संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक) का कोई कर्मचारी

**"सुविधा हेतु भुगतान"** सरकारी अधिकारियों को गैर-विवेकाधीन कार्यों या सेवाओं को तेज करने या सुविधा प्रदान करने के लिए छोटे भुगतान का उल्लेख करता है, जैसे कि एक साधारण लाइसेंस या व्यापार परमिट प्राप्त करना, सरकारी कागजात जैसे वीजा, सीमा शुल्क निकासी, टेलीफोन, बिजली या पानी सेवा प्रदान करना या माल की लोडिंग या अनलोडिंग करना।

**" गलत दावे"** का अर्थ है कि जानूबूझकर भुगतान या अनुमोदन के लिए एक झूठा दावा प्रस्तुत करना; या भुगतान हेतु गलत दावे जमा करना या शाजिश करना।

# 6. नीति प्रक्रियाएं

इस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु, ACDI/VOCA कर्मचारियों, कार्यान्वयन साझेदारों, विक्रेताओं, और उनके कर्मचारियों और सलाहकारों को भ्रष्ट आचरण में शामिल होने और इसे रोकने के लिए सकारात्मक कदम उठाने में विफल रहने से प्रतिबंधित किया गया है।

इस नीति के अधीन सभी पक्षों के लिए उचित लेखांकन और रिकॉर्ड रखने का चलन और पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण स्थापित करना भी आवश्यक है ताकि इस नीति के अनुपालन का परीक्षण किया जा सके।

ACDI/VOCA भी सभी अनुचित भुगतानों को प्रतिबंधित करता है - आकार या उद्देश्य की परवाह किए बिना--जिसमें "सुविधा" (या शीघ्र) भुगतान के रूप में जाने वाले छोटे या नियमित प्रशासनिक भुगतान शामिल हैं।

**धयान दें** : हालांकि, ECPA के तहत भुगतान की सुविधा के लिए एक सीमित अपवाद है, इस तरह के भुगतान UKBA और अधिकांश देशों के कानूनों के तहत प्रतिबंधित हैं। इसलिए, सभी लागू रिश्वत विरोधी कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, ACDI/VOCA किसी भी और सभी प्रकार के भुगतानों को प्रतिबंधित करने की अनुमति देता है, सिवाय इसके कि बहुत ही सीमित परिस्थितियों के लिए मुख्य कानूनी अधिकारी से लिखित मंजूरी लेनी होगी।

**खरीद और अनुदान से संबंधित भ्रष्टाचार**

संघीय निधियों के प्राप्तकर्ता के रूप में - और संघीय निधियों को संभालने के लिए जिम्मेदार पास-थ्रू इकाई (pass-through) के रूप में - हमारे द्वारा प्रबंधित संघीय निधियों को ठीक से संभालने के लिए ACDI/VOCA ज़िम्मेदार है। ACDI/VOCA अधिप्राप्ति नियमावली और अनुदान नियमावली में मार्गदर्शन के लिए, सभी कर्मचारी यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि हमारी खरीद प्रक्रिया और हमारी अनुदान देने की प्रक्रिया संघीय धन के सम्मान में अनुचित प्रभाव से मुक्त है। विशेष रूप से, ACDI/VOCA कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खरीद और अनुदान का मूल्यांकन इसके साथ किया जाए:

1. बोली लगानेवालों/आवेदकों के बीच सूचना की समान पहुँच;
2. निष्पक्ष मूल्यांकन मानदंड;
3. प्रश्न पूछने और स्पष्टीकरण मांगने का समान अवसर;
4. यह भरोसा कि सभी प्रस्ताव और आवेदनों रिलीज़ होने से सुरक्षित हैं, और सभी गोपनीय जानकारी पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं।

**हित-द्वन्द**

किसी भी कर्मचारी/सलाहकार/ठेकेदार/स्वयंसेवक या उनके करीबी परिवार के सदस्य को ACDI/VOCA के साथ व्यावसायिक संबंध वाले किसी भी वयक्ति से/को नकद, ऋण, सेवाएं, आनंद यात्रा, व्यक्तिगत छूट, नाममात्र मूल्य से अधिक के उपहार, रोजगार या महंगे मनोरंजन इत्यादि का किसी भी प्रकार का प्रस्ताव प्रदान करने या स्वीकार करने की अनुमति नहीं है।

**लेखा परीक्षा और रिपोर्ट**

ACDI/VOCA लागू रिश्वत विरोधी कानूनों और इस नीति के साथ निरंतर अनुपालन सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए प्रासंगिक कंपनी संचालन के आवधिक आंतरिक लेखा परीक्षा का आयोजन करेगा। सभी कर्मचारियों का यह कर्तव्य है कि वे सहयोग करें और कभी भी ऐसी लेखापरीक्षा गतिविधियों या जाँच में हस्तक्षेप न करें या बाधा न डालें।

कंपनी के लेखा परीक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वतंत्र रूप से कार्य करें और इस नीति के आवेदन से संबंधित किसी भी प्रश्न को स्पष्ट करने के लिए मुख्य कानूनी अधिकारी और आचार समिति से संपर्क करें।

## 6.1 नीति लागू करना

इस नीति को ACDI/VOCA निम्न के माध्यम से लागू करेगा:

1. मानव संसाधन नियमावली और अनुदान और अधिप्राप्ति नियमावली में इस नीति का समावेश;
2. प्रत्येक बोर्ड सदस्य, कर्मचारी और स्वयंसेवक के लिए ऑन-बोर्डिंग प्रशिक्षण में नीति का समावेश;
3. सभी कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के लिए वार्षिक प्रशिक्षण;
4. सभी उप प्राप्तकर्ताओं द्वारा अनुवर्ती योजनाओं को लागु करने के लिए आवश्यक सबवार्ड अनुच्छेद;

5. वार्षिक अनुपालन निगरानी;
6. एथिक्स सिस्टम ऑफ रिकॉर्ड के माध्यम से घटनाओं की रिपोर्टिंग और जांच
7. अनिवार्य प्रकटीकरण

## 7. अपवाद

जैसा कि एक व्यक्तिगत धन दाता/दानी द्वारा या स्थानीय कानूनों, रीति-रिवाजों, और कर्मचारियों, लाभार्थियों और संबंधित पक्षों की सुरक्षा के लिए चिंताओं के अनुसार आवश्यक हो सकता है, स्थानीय देश के कार्यालय मुख्य कानूनी अधिकारी और आचार समिति से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं ताकि उन नीतिओं में जो स्थानीय चिंताओं के प्रति संवेदनशील हो उसमें रूपांतर विकसित हो सकें।

## 8. संदर्भ


अनिवार्य प्रकटीकरण FAR 52.201-13 https://www.acquisition.gov/content/52203-13-contractor-code-business-ethics-and-conduct

विदेशी भ्रष्टाचार आचरण अधिनियम 1977, यथा संशोधित 15 U.S.C. §§ 78dd-1, et seq. https://www.justice.gov/criminal-fraud/foreign-corrupt-practices-act

रिश्वत अधिनियम (यूनाइटेड किंगडम) https://www.legislation.gov.uk/ukpga/2010/23/pdfs/ukpga_20100023_en.pdf

फ़र्ज़ी दावा अधिनियम https://www.justice.gov/sites/default/files/civil/legacy/2011/04/22/C-FRAUDS_FCA_Primer.pdf